प्रादेशिक समाचार
14.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफल प्रतिक्रिया के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।
प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

*********************

रांची में भारतीय सेना के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर शहीद चौक से बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक भूतपूर्व सैनिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने 100 फीट लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह समेत कई नेता शामिल हुए। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय फौज को सैल्यूट करने का प्रतीक है, वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह यात्रा सेना के प्रति आभार व्यक्त करने और उनके शौर्य को सलाम करने के लिए है।

*********************

जमशेदपुर में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम– राइट टू एजुकेशन 2009 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए नामांकन प्रक्रिया तेज हो गई है। उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर अब तक 1 हजार 303 में से 726 बच्चों का नामांकन हो चुका है, जबकि शेष मामलों में देरी करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

*********************

हजारीबाग के दीपूगढ़ा में प्लॉट 81 सहित कई सरकारी जमीनों पर हो रहे अतिक्रमण को प्रशासन ने हटाया। इस जमीन पर अज्ञात लोगों द्वारा मकान बनाने की कोशिश की जा रही थी। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सीओ सदर मयंक भूषण ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। उपायुक्त ने आदेश दिया कि सभी अंचल अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमणों का विस्तृत सर्वेक्षण कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम ज़िले के सदर अस्पताल समेत अनुमंडल अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अब बाह्य स्रोतों से भी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी।

*********************

रामगढ़ में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद और जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. तुलिका रानी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 99 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 9 बच्चों में फ्लोरोसिस की पुष्टि हुई। बच्चों को बीमारी से बचाव के उपाय और संतुलित आहार की जानकारी दी गई।

*********************

राज्य में आने वाले दिनों में लू और बारिश दोनों का असर देखने को मिलेगा। कल से कई जिलों में बारिश की संभावना है जबकि पूर्वी जिलों में लू चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 16 और 17 मई को गरज और तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। आज रांची सहित कई जिलों में गर्मी का असर रहा, रांची का अधिकतम तापमान 37 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस और डाल्टेनगंज का 42 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

*********** समाप्त **********